संख्या-110/2015/1277/41-15-202यो0/98

प्रेषक,

अम़त अभिजात,

सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,

पर्यटन, उ0प्र0,

लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 27 जुलाई, 2015

विषय- पर्यटन नीति 1998 के अन्तर्गत पर्यटन पुलिस बल के अतिरिक्त 60 पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र सं0-339/15-1-568/टी0टी0/2015, दिनांक 21 मई, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पर्यटकों की बढती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुये पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिये श्री राज्यपाल, पर्यटन नीति 1998 के अन्तर्गत पर्यटन पुलिस बल के गठन हेतु जारी शासनादेश संख्या 670/41-2001-202/98, दिनांक 08.03.2002 के अनुक्रम में पूर्व सृजित 61 पदों के अतिरिक्त निम्नवत कुल 60 पदों की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं-

1-	निरीक्षक	06 पद।
2-	उप निरीक्षक	09 पद
3-	आरक्षी	45 पद
	योग	60 पद

2. इन पदों पर नियुक्ति शासनादेश संख्या 670/41-2001-202/98, दिनांक 08.03;2002 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत एवं निम्नलिखित शर्तो के अनुसार किया जायेगा।

1- पर्यटन पुलिस बल की भर्ती उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से एवं पूर्व सैनिकों से की जायेगी।

2- सभी नियुक्तियां संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिये होगी, सन्तोंषजनक कार्य होने पर पुन: संविदा पर रखा जा सकता है।

3- सभी पर्यटन पुलिस बल के कर्मियों को प्रतिमाह निश्चित धनराशि वेतन के रूप में उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम के मानक के अनुसार दी जायेगी।

4- सभी कर्मियों पर प्रशासनिक नियन्त्रण सम्बन्धित क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के माध्यम से महानिदेशक, पर्यटन का होगा।

5- संविदा पर सभी नियुक्तियों या एक नियुक्त कर्मचारी की सेवा समाप्ति कर अधिकार महानिदेशक पर्यटन में निहित होगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-7- /दस-2015, दिनांक जुलाई, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रह हैं।

भवदीय

(अमृत अभिजात)
सचिव।

<u>संख्या-110/2015/1277 (1)/41-2015 तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।

4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4

5- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।

6- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।